**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 15 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के लिए लगभग दस हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया। कल डॉ. भीम राव आम्बेडकर जयंती के अवसर पर श्री मोदी ने यमुना नगर में दीनबंधु छोटू राम ताप बिजली संयंत्र में 800 मेगावाट की तीसरी इकाई की आधारशिला रखी। इस नई इकाई के साथ हरियाणा की बिजली उत्पादन क्षमता बढ़कर तीन हजार तीन सौ 82 मेगावाट हो जाएगी।प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर यमुना नगर में नब्बे करोड़ रुपये लागत के गोबर धन संयंत्र की आधारशिला भी रखी। इस संयंत्र से दो हजार छह सौ मिट्रिक टन कम्प्रेस्ड बायोगैस का वार्षिक उत्पादन हो सकेगा।
श्री मोदी ने रेवाड़ी बाईपास का भी शुभारंभ किया।

***रेवाडी के लोगों को बाईपास की सौगात भी मिली है। अब रेवाडी के बाजार, चौराहों, रेलवे फाटकों पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से लोगों को छुटकारा मिल जाएगा। ये चार लाइन का बाईपास गाडियों को बडी आसानी से शहर से बाहर निकाल देगा। दिल्ली से नांगलोई की यात्रा में एक घंटा समय कम लगेगा।हरियाणा के किसानों के कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकारें उनकी चुनौतियों के समाधान में मजबूत साझेदार है। उन्होंने हरियाणा के किसानों को सशक्त बनाए जाने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार अब न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 24 अनाजों की खरीद कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि पीएम फसल बीमा योजना से हरियाणा के लाखों किसान लाभान्वित हुए हैं,***

पीएम फसल बीमा योजना और पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर श्री मोदी ने कहा

***हमारा प्रयास है कि हरियाणा के किसानों का सामर्थ्य बडे हरियाणा की भाजपा सरकार अब राज्य की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदती है। हरियाणा के लाखों किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ भी मिला है। पीएम किसान सम्मान निधि से सा� छह हजार करोड रुपये हरियाणा के किसानों के जेब में गए।***
प्रधानमंत्री ने हरियाणा दौरे में हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का भी शलान्यास किया और इस हवाई अड्डे से अयोध्या के लिए पहली उड़ान को रवाना किया।
***************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 15 जून तक प्रदेश भर में सभी सड़कों की मरम्मत किए जाने के सख्त निर्देश दिए हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यमुनानगर कार्यक्रम के तुरंत बाद चंडीगढ़ में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी विशेष अभियान चलाकर सड़कों के सुधारीकरण के सम्बन्ध में अल्पावधि की निविदाएं लगाकर सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करना सुनिश्चित करें ताकि आगामी मानसून से पहले सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य पूरा किया जा सके।उन्होंने कहा कि उपायुक्त सर्वे करवाकर मानसून से पहले सड़कों का नवीनीकरण करवाना सुनिश्चित करें और 15 जून के बाद कोई भी सड़क खराब हालत में न रहे।मुख्यमंत्री ने कहा कि संरचना संबंधित परियोजनाओं में गुणवत्ता के मामले में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

*************************************************************************

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा है कि वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिसार में दिया गया वक्तव्य सही है इससे पिछड़े वर्ग के मुस्लमानों, महिलाओं व बच्चों को भी वक्फ संपत्ति का लाभ मिल सकेगा ।

भिवानी में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए श्रीमती चौधरी ने कहा कि अब तक वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का सिर्फ 3 प्रतिशत प्रयोग होता था । अब वक्फ कानून की धारा -40 में संशोधन के बाद वक्फ संपत्तियों पर स्कूल, कॉलेज व कल्याणकारी संस्थाओं के निर्माण का रास्ता खुल गया है।श्रीमती किरण चौधरी ने कहा कि हिसार हवाईअड्डे का निर्माण नागरिक उड्यन क्षेत्र में हरियाणा की एक बड़ी उपलब्धि है। हिसार से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश के हवाई अड्डे के नाम को लेकर बयान पर उन्होंने कहा कि हिसार हवाई अड्डे का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम से है ।ताशकंद में आयोजित इंटर पार्लियामेंट यूनियन को लेकर उन्होंने कहा कि ताशकंद में भारत ने परमाणु शस्त्र नीति को लेकर दुनिया के सामने अपना रूख रखा है। भारत की नीति वसुदेव कुटुंबकम् की है ,भारत पहले न्यूक्लीयर हथियार प्रयोग करने वाला देश नहीं बनेगा। श्रीमती किरण चौधरी कांग्रेस को लेकर पूछे सवालों के जवाब में हमलावर दिखी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विपक्ष के नेता को लेकर दो बार बैठक हो चुकी है लेकिन निर्णय नहीं लिया जा सका। उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुडा का नाम लिए बगैर कहा कि एक नेता किसी को आगे नहीं आने देते आगे और शीर्ष नेतृत्व का भी उन पर नियंत्रण नहीं है।विनेश फौगाट को लेकर श्रीमती किरण चौधरी, ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पदक लाओ-पद पाओ की नीति से आगे बढक़र विनेश फौगाट को विकल्प दिए गए हैं।

************************************************************************

जींद जिले की मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारू रूप से जारी है।आज जींद की जुलाना मार्केट कमेटी की सचिव, प्रोमिला ने बताया कि जिले में कुल 25,687 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। सबसे अधिक खरीद सफीदों मंडी से हुई है। , जहां कुल 9,177 मीट्रिक टन गेहूं की

खरीद की गई है ।इसी प्रकार पिल्लुखेड़ा मंडी में 5,926 मीट्रिक टन, उचाना मंडी में 6,250 मीट्रिक टन, नरवाना अनाज मंडी में 2,241 मीट्रिक टन, जींद अनाज मंडी में 511 मीट्रिक टन, छत्तर मंडी में 1,240 मीट्रिक टन और अलेवा मंडी में 342 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है।उन्होंने बताया कि जुलाना अनाज मंडी में अब तक दो लाख 90 हजार 41 क्विंटल की आवक हुई है। उन्होने बताया कि मंडी में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग एवं गोदाम निगम, दो एजेंसियों द्वारा खरीद की जा रही है। उन्होने बताया की जुलाना उप मंडल की नई अनाज मंडी के अलावा गांव शामलो कला एवं फतेहगढ़ में भी खरीद केंद्र स्थापित किए गए है।उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशों की अनुपालना में किसानों की सुविधा के अनुसार मंडियों में सभी प्रबंध किए गए हैं। ताकि अपनी फसल को लेकर मंडी में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मंडी में अपने निर्धारित क्रम अनुसार ही आएं, ताकि उनकी फसल की समय पर खरीद सुनिश्चित की जा सके।